# ६ टपका का डर

L9T9N3

इस कहानी में गरीबी और कष्ट से जूझती बुढ़िया की कथा है झोंपड़ी का टपकता छप्पर उसे और भी संकट में डाल देता है । वह मन ही मन झुँझला रही है ।

बरसात से परेशान एक बाघ बुढ़िया की झोंपड़ी के पास आकर बैठ जाता है । बुढ़िया की बातें सुनकर अनजान भय से वह घबरा उठता है और भाग जाता है ।



बरसात का दिन था। चारों ओर पानी बरस रहा था । जंगल में बुढ़िया का घर भीग रहा था। जल्दी ही बुढ़िया का घर टपकने लगा। बुढ़िया परेशान हो उठी । परन्तु करती भी क्या ? छप्पर को छाए कौन ?

थोड़ी देर में ओले भी पड़ने लगे । बेर बराबर ओले ! उधर एक बाघ ओलों की मार से परेशान हो उठा। कूदते-फाँदते वह बुढ़िया के घर के पास पहुँचा ।

बुढ़िया अन्दर चावल पका रही थी । चूल्हे पर पानी टपक



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

रहा था, टप-टप। वह झुँझला उठी और बोली – "मुझे टपका से इतना डर लगता है जितना बाघ से भी नहीं ।"



बाघ ने सोचा – बुढ़िया मुझसे तो नहीं डरती मगर टपका से डरती है । जरूर टपका मुझसे भी बड़ा जानवर होगा । बस इतना सोचते ही बाघ घबराया और सिर पर पैर रखकर भाग गया ।

### शब्दार्थ

**परेशान** हैरान **छप्पर** छत (घास-फूस व लकड़ी से बनी)

**ओले** गुज. કરા **बेर** गुज. બોર



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

## मुहावरे

झुँझला उठना — क्रोधित होना

सिर पर पैर रखकर भागना — तेज गति से भागना ।

## अभ्यास

**प्रश्न १. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(१) तुम्हारे गाँव में कैसे-कैसे घर हैं ?
(२) तुम्हारा घर किन-किन चीजों से बना है ?
(३) छप्पर किन-किन चीजों से बनता है ?
(४) बरसात के मौसम में क्या-क्या होता है ?
(५) ओले पड़ने पर तुम लोग क्या करते हो ?
(६) ओले पड़ने पर किस तरह का नुकसान होता है ?
(७) तुमने कितने प्रकार के चूल्हे देखे हैं ?
(८) जंगल में बाघ के अलावा और कौन-से प्राणी रहते हैं ?
(९) बुढ़िया मन ही मन क्यों झुँझला रही है ?
(१०) बाघ सिर पर पैर रखकर क्यों भाग गया ?

**प्रश्न २. जंगल में और क्या-क्या भीग रहा होगा – सूची बनाइए ।**

## स्वाध्याय

**प्रश्न १. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

(१) बुढ़िया कहाँ रहती थी ?
(२) बरसात में बुढ़िया के घर में क्या टपकने लगा ?
(३) ओलों की मार से परेशान होकर बाघ कहाँ आ गया ?
(४) पानी टपकने की आवाज़ कैसी थी ?
(५) बुढ़िया को सबसे ज्यादा डर किससे लगता था ?
(६) बुढ़िया की बात सुनकर बाघ ने क्या किया ?




Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

प्रश्न २. निम्नलिखित में से प्रत्येक के बारे में पाँच-सात वाक्य लिखिए :

(१) मोर (२) बाघ (३) तोता


प्रश्न ३. नीचे दिए चित्र का वर्णन दस वाक्यों में लिखिए :






Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

प्रश्न ४. नीचे दिए गए चित्र के आधार पर कहानी लिखिए :






Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**प्रश्न ५. नीचे दिए गए उदाहरण के अनुसार वाक्य बनाइए :**

**उदाहरण :** बिल्ली – बिल्लियाँ

(1) मेरे घर में **बिल्ली** है ।

मेरे घर में **बिल्लियाँ** हैं ।

- मक्खी – ---------------

---------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------

- लड़की – ---------------

---------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------

- रोटी – ---------------

---------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------

- चूड़ी – ---------------

---------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------

A7Z8Z7



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in